वर्ष 24 अंक 81
पृष्ठ 18+4+4 = 26
बरेली, रविवार
2 दिसम्बर 2012
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 3.00

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

दैनिक जागरण

इन्सपायर इन्टर्नशिप का समापन

बरेली : श्री राम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में चार दिवसीय इन्सपायर इन्टर्नशिप का समापन शनिवार को समारोहपूर्वक हुए। आइवीआरआइ के निदेशक डॉ. गया प्रसाद ने विद्यार्थियों को पुस्तकों के ज्ञान को चुनौती के रूप में स्वीकार करने पर जोर दिया। विषय विशेषज्ञ के तौर पर डॉ. जीएस सोंधी एवं डॉ. अभिजीत मित्रा ने प्रतिभागियों का ज्ञानार्जन किया। समारोह में एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति, ट्रस्ट सचिव आदित्य मूर्ति, रिचा मूर्ति, ट्रस्ट प्रशासक सुभाष मेहरा, डीन डॉ. प्रभाकर गुप्ता, जेएन साहू, टीडी बिष्ट, संजीव सक्सेना मौजूद रहे।